बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

पत्र संख्या : 6/पथ/अ0सू0प्र0(वि0प0) 05–01/2024 727(S) पटना, दिनांक : 15/02/24

प्रेषक,

अवर सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषय : माननीय मो0 फारूक, स०वि०प० द्वारा 206वें सत्र में पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्र0सं०–नेवा नं0–1/206/39 का हस्तान्तरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कहना है कि शिवहर जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ बसंतपट्टी चौक से ससौला होते हुए बैरगनियाँ पथ से संबंधित है, जिसमें

1. ससौला–बसंतपट्टी पथांश–इस पथांश की लम्बाई 7.44 कि0मी0 एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है। पथ OPRMC-02 03B अन्तर्गत संधारित है।
2. ससौला चौक–ढ़ेंग पथांश–इस पथांश की लम्बाई 6.50 कि0मी0 एवं चौड़ाई 5.50 मी0 है।
3. ढ़ेंग–नन्दवारा पथांश–इस पथांश की लम्बाई 4.50 कि0मी0 एवं चौड़ाई 7.00 मी0 है, जो ईंडो–नेपाल बोर्डर पथ परियोजना अन्तर्गत निर्माणाधीन है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप चौड़ीकरण पर विचार किया जायेगा।

शेष नन्दवारा–बैरगनियाँ पथांश ग्रामीण कार्य विभाग के स्वामित्व में है। अतः प्राप्त पत्र एवं प्रश्न मूल रूप में आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्रामीण कार्य विभाग को हस्तान्तरित किया जाता है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि प्रासंगिक प्रश्न का समेकित उत्तर परिषद सचिवालय को ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से देने की कृपा की जाय। इस आशय की सूचना परिषद सचिवालय को अलग से दी जा रही है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

15.02.24

अवर सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 727(S) पटना, दिनांक : 15/02/24

प्रतिलिपि, अवर सचिव, बिहार विधान परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अतः अनुरोध है कि प्रासंगिक प्रश्न को पथ निर्माण विभाग की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय।

15.02.24

अवर सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 727(S) पटना, दिनांक : 15/02/24

प्रतिलिपि, संयुक्त सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15.02.24

अवर सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 727(S) पटना, दिनांक : 15/02/24

प्रतिलिपि, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15.02.24

अवर सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।